This question paper contains **3** printed pages]

FO—168—2023

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

APRIL/MAY, 2023

(CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper V

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य : भाग-2)

(Tuesday, 9-5-2023) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

(अ) ''पति रति की बतियाँ कहीं, सखी लखी मुसकाइ।
कै कै सबै टलाटली, अली चलीं सुखु पाइ॥
तो पर वारौ उरबसी, सुनि राधिके सुजान।
तू मोहन कै उरबसी है उरबसी समान॥''

अथवा

''गोकुल सबै गोपाल-उदासी।
जोग-अंग साधन जे ऊधो ते सब बसत ईसपुर कासी॥
यद्यपि हरि हम तजि अनाथ करि तदपि रहति चरननि रसरासी।
अपनी सीतलताहि न छाँदत यद्यपि है ससि राहु-गरासी॥
का अपराध जोग लिखि पठवत प्रेम भजन तजि करत उदासी।
ऐसी को बिरहिन माँ गति मुक्ति तजे गुनरासी ?॥''

P.T.O.

387E121D1B276B65BE4B096375A11420

(आ) ''झीनै पट मैं झुलमुली झलकति ओप अपार। 10

सुरतरू की मनु सिंधु मैं लसति सपल्लव डार॥

खेलन सिखए, अलि, भलैं चतुर अहेरी मार।

कानन-चारी नैन-मृग नागर नरनु सिकार॥''

अथवा

''चारिउ चरन धर्म जग माहीं।

पूरि रहा सपनेहुँ अघ नहीं॥

राम भगति रत नर अरू नारी।

सकल परम गति के अधिकारी॥''

2. उत्तराकांड में व्यक्त राम की कृपालुता पर निबंध लिखिए। 20

अथवा

''भ्रमरगीत में निर्गुण भक्ति पर सगुण भक्ति की विजय हुई है।'' इस कथन का विवेचन कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) उत्तरकांड में व्यक्त तुलसी की भक्तिभावना। 10

अथवा

बिहारी की बहुज्ञता।

(आ) सूर के उद्धव। 10

अथवा

बिहारी की भाषा।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर पंद्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए : 5

(1) रहीम का जीवन परिचय दीजिए।

(2) गुरु गोविंद सिंह के साहित्य का परिचय दीजिए।

(3) रसखान के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(4) भूषण का काल विशेष में स्थान स्पष्ट कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

(1) रहीम का पूरा नाम क्या था ?

(2) वीर रस के सर्वश्रेष्ठ कवि कौन हैं ?

(3) गुरु गोविंद सिंह की समाधि किस शहर में है ?

(4) रसखान का जन्म कब हुआ ?

(5) रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि कौन हैं ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(1) रहीम के पिता का नाम .... था।

(2) 'शिवराज भूषण' .... की रचना है।

(3) गुरु गोविंद सिंह ने .... पंथ की स्थापना की।

(4) घनानंद के काव्य की भाषा .... है।

(5) रसखान के आराध्य .... थे।

387E121D1B276B65BE4B096375A11420